Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 14-12-2006

Participants : Shiwankar Shri Maha Deo Rao

>

Title: Need to convert Nagpur-Nagbhid narrow gauge railway line into broad gauge railway line.

प्रो. महादेवराव शिवनकर (चिमूर) : सभापति महोदय, नागपुर-नागभीड़ नैरोगेज़ रेल लाइन का ब्राडगेज़ में रुपांतरित करने बाबद ए वं गोंदिया-नागभीड़ रेल लाइन के प्लेटफार्म ऊंचे करें। नागपुर-नागभीड़ रेल लाइन अभी तक नैरोगेज़ है। इस रेल लाइन को ब्रोडगेज़ में रुपांतरित करने की आवश्यकता है। लगभग 114 कि.मी. इस रेल लाइन को 114 करोड़ रुपए लगेंगे, ऐसा इसके पहले बताया गया है। नागपुर से नागभीड़ तक नागपुर, भंडारा, गोंदिया, चन्द्रपुर जिलों को जोड़ने वाली यह रेल लाइन महत्वपूर्ण है। राइस मिलें और खनिज संपदा इस रेल लाइन पर बहुत है। फोरेस्ट के बास और सागवान के जंगल भी बहुत हैं। गोंदिया से चन्द्रपुर तथा नागपुर से नागभीड़, इन दोनों रेल लाईनों का नागभीड़ में जंक्शन है। गोंदिया चन्द्रपुर ब्रोडगेज़ हो गई, मगर नागपुर-नागभीड़ रेल लाइन का ब्रोडगेज़ करने का काम बाकी है। सभापति महोदय, आपके माध्यम से मेरी मंत्री जी से विनम्र प्रार्थना है कि नागपुर-नागभीड़ रेल लाइन को ब्रोडगेज़ में रुपांतरित करें और इसके साथ ही गोंदिया-नागभीड़ रेल लाइन के प्लेटफार्म ऊंचे करें। आपके माध्यम से मैं रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि कृपया इसकी आवश्यकता को ध्यान में रख कर इसे आने वाले बजट में शामिल करें।